# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

04/12/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Prabhat Khabar, Jamshedpur(JKD)**



# चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था


**जमशेदपुर.** प्रधानमंत्री की सभा को लेकर गोपाल मैदान के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी. चारों ओर जिला पुलिस व रैफ के अधिकारी व जवान तैनात थे. पुलिसकर्मी लोगों की हर गतिविधि पर नजर बनाये हुए थे. इसके अलावा मैदान के आसपास के सभी मकानों व बिल्डिंग पर भी सुरक्षाकर्मी तैनात थे.

**वीआइपी गेट के पास बेहोश हुई महिला जवान :** तुलसी भवन की ओर से बनाये गये वीआइपी गेट के पास ड्यूटी पर काफी देर तक खड़ी रहने के कारण एक महिला जवान बेहोश हो गयी. इसके बाद एंबुलेंस से उसे टीएमएच अस्पताल ले जाया गया.



Scanned with CamScanner

Dainik Jagran, Jamshedpur(JKD)



सुरक्षा में तैनात जवान • जागरण



सभा में प्रवेश करने से पहले काले रंग के कपड़े पहनकर आए लोगों से काले कपड़े उतरवा लिए गए • जागरण

# अरे... अरे... रुको! मोदी को देख लेने दो

**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर :** कुछ की इच्छा और कुछ की मजबूरी। इच्छा प्रधानमंत्री को एक झलक पाने की तो मजबूरी बैरिकेडिंग में घिर जाने पर मोदी को देखने की। दोनों की स्थितियों में मोदी-मोदी। यह सबकुछ हमें दिखा मंगलवार को दिन के करीब एक से ढाई बजे के बीच में। कदमा फ्लैटलेट से लेकर बिष्टुपुर के टाटा फुटबॉल एकेडमी (टीएफए) तक। महिलाएं, अरे... अरे... रुक जा..., रुक जा... मोदी को देख लेने दे।

टीएफए के सामने चौक पर भाजपा के झंडे को लेकर धतकीडीह हरिजन बस्ती के कार्यकर्ता खड़े थे। पूछा तो बताया गया कि वे प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन यहीं पर खड़े होकर करेंगे। थोड़ी दूर आगे बढ़े तो रास्ते पर बैरिकेडिंग थी। कदमा-बिष्टुपुर लिंक रोड के अगल-बगल वाले क्वार्टरों के आगे भी बैरिकेडिंग की गई थी। इस कारण लोग अपने घर भी जा नहीं पा रहे थे। खैर, 1:30 बजते ही लोग क्वार्टरों से निकलकर बैरिकेडिंग के सामने खड़े हो गए। कोई चेयर पर बैठकर मोदी का इंतजार करने लगा तो कोई खड़ा होकर।

## पीएम का क्रेज

- कदमा फ्लैटलेट से ले विष्टुपुर के टीएफए तक क्वार्टरों में रहने वाले लोगों ने खड़े हो किया अभिवादन
- भाजपा कार्यकर्ता भी अभिवादन करने वालों में शामिल, प्रधानमंत्री को देखने के लिए बेताब रहे लोग

इतने में क्वार्टर में रहने वाली एक-दो महिलाओं ने आवाज लगाई कि आओ, खाना खा लो। जवाब मिला, अरे... अरे... रुको। आधा घंटे रुक जाओ। मोदी को देख लेने दो, फिर खाना खा लिया जाएगा। इतना सुनते ही क्वार्टरों में रहने वाली दूसरी महिलाएं भी घर के आगे बैरिकेडिंग के पास आकर खड़ी हो गईं। 2:30 बजे पीएम मोदी का काफिला इस सड़क से गुजरा तो सड़क किनारे खड़े लोग व भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। गाड़ी के अंदर बैठे मोदी ने भी हाथ हिलाया। पीएम का काफिला गुजरने के बाद बैरिकेडिंग को आधा घंटा के लिए हटा दिया गया। मोदी के जाने के बाद लोग अपने-अपने घर गए...।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur(JKD)

# मोदी की सभा में बापू भी...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमशेदपुर की सभा में एक व्यक्ति महात्मा गांधी बनकर पहुंचा। उसके हाव-भाव से मौजूद लोग उसका अभिवादन करते रहे। फोटो: बिजेंद्र

## Hindustan, Jamshedpur(JKD)

### प्रधानमंत्री की चुनावी सभा की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा, जवान से लेकर अफसर तक रहे तैनात

# एयरपोर्ट से गोपाल मैदान तक सड़क से छत तक पहरा

जमशेदपुर | संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा लगभग 2 हजार जवानों को कार्यक्रम स्थल से लेकर हवाई अड्डे तक तैनात किया गया था।

मैदान के अंदर जो भी प्रवेश करता, उसे मेटल डिटेक्टर के घेरे से पार करना पड़ रहा था। आमलोगों के लिए मैदान के अंदर जाने के तीन गेट थे और तीनों गेट के बाहर जांच के बाद ही लोगों को अंदर जाने की इजाजत मिल रही थी।

**ले जैकेट-शर्ट वालों को रोका**

पाल मैदान के तुलसी भवन वाले गेट के पास एटीएस की तैनाती थी और यहां से शुरुआती एक घंटे में जो भी लोग काला जैकेट, शर्ट, शॉल या फिर मफलर लपेटे अंदर जाने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें रोक दिया जा रहा था। उन्हें हिदायत दी जा रही थी कि या तो वे अपने कपड़े को बाहर रखकर है या फिर सभा स्थल के अंदर काले कपड़े पहनकर न जाएं। इस दौरान कुछ ऐसे भी लोग थे, जो अपना टीशर्ट या शर्ट उतारकर सैंडो गंजी में ही अंदर जाने का प्रयत्न करने लगे। इसको लेकर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। बाद में उस गेट पर आए वरीय अधिकारियों ने काला जैकेट या अन्य काले कपड़े पहनकर आए लोगों को जाने की अनुमति दे दी। गेट पर तैनात पुलिस जवानों से कहा गया कि सिर्फ काला झंडा, काला मफलर या काला ऐसा कोई कपड़ा लेकर अंदर जाने नहीं दें, जिसे लटकाकर विरोध किया जा सके।

जितने भी मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे, उसमें महिलाओं के लिए एक केबिन बना था, जहां जांच के बाद ही अंदर जाने दिया जा रहा था। साथ ही भाजपा का झंडा, जिसमें डंडा लगा था, उसे भी रखवा लिया गया। लोगों को हेलमेट अंदर ले जाने नहीं दिया गया। हेलमेट रखने के लिए टोकन की व्यवस्था की गई थी। महिलाओं के बैग की सुरक्षा की भी यही स्थिति थी। दोपहर 12 बजे से लेकर डेढ़ बजे तक गेट के पास अधिक भीड़ रही। गोपाल मैदान में तलवार बिल्डिंग से लेकर तुलसी भवन में आखिरी छोर तक रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को तैनात किया गया था।




प्रधानमंत्री को सुनने के लिए मंगलवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच गोपाल मैदान में प्रवेश करती महिलाएं। इस दौरान तैनात रैफ के जवान। • हिन्दुस्तान

### प्रधानमंत्री की बुलेट प्रूफ जैकेट ट्रेन में बुक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बुलेट प्रूफ जैकेट बुधवार सुबह पुरी-दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में बुक हुई। एनएसजी टीम ने टाटानगर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय जाकर बुलेट प्रूफ जैकेट को बुक किया। कर्मचारियों ने पुरी, भुवनेश्वर और कटक स्टेशन से संपर्क कर पार्सल बोगी में बुलेट प्रूफ जैकेट व अन्य सुरक्षा संसाधन के लिए जगह खाली रखने का सुझाव दिया।

## तीन हेलीकॉप्टर के काफिले में आए मोदी

जमशेदपुर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन हेलीकॉप्टर के काफिले में सोनारी एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में मौजूद नेताओं को पहले लगा कि बीच वाले हेलीकॉप्टर में प्रधानमंत्री हैं।

सभी उसपर ही नजर टिकाए थे, तभी पहले हेलीकॉप्टर से वे नीचे उतरे। दूसरे में उनके स्टॉफ जबकि तीसरे में पीएम सुरक्षा की टीम थी। एयरपोर्ट से वे लैंड रोवर गाड़ी पर सवार हुए। उनके चालक ने उन्हें सीट बेल्ट लगाया। इसके बाद वे 20 वाहनों के काफिले के साथ गोपाल मैदान के लिए रवाना हुए।

**16 ने मिलाया एयरपोर्ट पर हाथ :** प्रधानमंत्री 16 लोगों ने हाथ मिलाया। सूची 17 की थी, लेकिन भाजपा नेता हलधर नारायण अनुपस्थित थे। हाथ मिलाने वालों में कल्याणी शरण, विकास सिंह, गुंजन यादव, रामबाबू तिवारी, मनोज सिंह, रमेश हांसदा, दिनेश साहु, भरत सिंह, मिथिलेश सिंह यादव, अभय सिंह उज्जैन, गुरुदेव सिंह राजा, राज कुमार सिंह, खेमलाल चौधरी, सत्यवीर सिंह सोनू, कमलेश सिंह और चाणक्य चौधरी थे। इधर, प्रधानमंत्री के आने से पहले ही दोपहर लगभग 1.15 बजे से गोपाल मैदान, कदमा थाना, कदमा गणेश पूजा मैदान, कदमा-सोनारी लिंक रोड से एयरपोर्ट तक के रास्ते से आवागमन बंद कर दिया गया था। किसी को उस रास्ते से आने-जाने नहीं दिया जा रहा था। लोग सड़क किनारे खड़े थे। प्रधानमंत्री किस गाड़ी में है, लोगों को समझ नहीं आ रहा था।

CS Scanned with CamScanner




प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के लिए रैफ के जवानों की ऐसे की गई थी तैनाती।

Scanned with CamScanner







गोपाल मैदान के समीप सुरक्षा में तैनात जवान अत्याधुनिक हथियारों से लैस जवान। 2. सभा में जा रहे एक दिव्यांग से अपनी गाड़ी हटाने को कहते उपायुक्त, 3. गोपाल मैदान में सुरक्षा का जायजा लेते एसएसपी।

Scanned with CamScanner

# Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF










**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**